# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 18 फरवरी, 2024** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना छतारी**

## डकैती की घटना में वांछित 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.02.2024 थाना छतारी पुलिस टीम एक अभिसूचना पर अनाज मंडी के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग/गस्त में मामूर थी, इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रूकने का इशारा किया गया तो अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करके अनाज मंडी के पास बाग में भाग लिया। पुलिस टीम द्वारा बदमाश को घेर कर आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया तो बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान ईशव उर्फ सिंघानिया उर्फ अफजाल पुत्र भप्पे निवासी ग्राम नंगला बंजारा थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल बुलन्दशहर में भर्ती कराया गया हैं। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बदमाश ईशव उर्फ सिंघानिया उर्फ अफजाल शातिर किस्म का लुटेरा/डकैत है जो थाना शिकारपुर पर पंजीकृत मुअसं-228/23 धारा 395/412 भादवि में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- ईशव उर्फ सिंघानिया उर्फ अफजाल पुत्र भप्पे निवासी ग्राम नंगला बंजारा थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस।

**अभियुक्त ईशव उर्फ सिंघानिया उर्फ अफजाल का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं-28/23 धारा 379 भादवि थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं 29/23 धारा 379 भादवि थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं 144/23 धारा 380/457 भादवि थाना पहासू जनपद बुलन्दशहर।
4- मुअसं 228/23 धारा 395/412 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।
5- मुअसं 239/23 धारा 307 भादवि व 3/4/25 आयुध अधि0 थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छतारी पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- श्री भूपेन्द्र कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना छतारी
2- उ0नि0 श्री अशोक कुमार
3- है0का0 राशिद अली, का0 दिलबर खान, का0 ललित कुमार

**गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात-**

1. निरीक्षक श्री संजय वर्मा प्रभारी स्वाट टीम देहात।
2- उ0नि0 वरुण कुमार।

3- है0का0 महेश उपाध्याय, है0का0 अरुण कुमार, है0का0 सर्मेन्द्र कुमार,का0 मनीष कुमार, का0 रोहित कुमार, का0 संदीप कुमार।









**<u>मीडिया सेल बुलंदशहर</u>**